फोन नं0—05442—245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Email Id- jalnigam3@gmail.com
Mo. No.- 9473942677

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

पत्रांक 5741 / J.J.M सामान्य / 119 दिनांक 13/06/2025

विषयः— **जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माण की गई पेयजल परियोजनाओं का मा0 जनप्रतिनिधियों MP/MLA/MLC द्वारा निरीक्षण कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड राजगढ अन्तर्गत निर्माण एजेन्सी मे0 मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा तालर ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति की जा रही है। उक्त पेयजल योजना सतही स्रोत (डोंगिया बांध) आधारित पेयजल परियोजना है। मा0 रमाशंकर पटेल, विधायक—मड़िहान विधान सभा क्षेत्र द्वारा अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में दिनांक 13.04.2025 को तालर ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

1 अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।
2 श्री अरूण प्रभाकर, जूनियर इंजीनयर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।
3 श्री डी0पी0 सिंह, जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।
4 टीम लीडर (पी0एम0सी0), थीम इंजीनियरिंग सर्विसेज प्रा0लि0।
5 टीम लीडर (टी0पी0आई0), मेधज टेक्नो कोनसेप्ट प्रा0लि0।
6 परियोजना प्रबन्धक, मे0 मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड।

**परियोजना का संक्षिप्त विवरण**

| | |
|---|---|
| कार्यदायी संस्था | मे0 मेघा इंजीनियरिंग |
| परियोजना का नाम | तालर ग्राम समूह पेयजल योजना |
| परियोजना आरम्भ तिथि | 11 दिसम्बर 2020 |
| विकास खण्ड का नाम | राजगढ़ |
| कुल आवंटित राजस्व ग्रामों की संख्या | 87 |
| मुख्य जल स्रोत | डोंगिया बांध |
| इन्टेक वेल की संख्या/ लोकेशन | 01/ जंगल महाल |
| डब्लू0टी0पी0 की संख्या/ लोकेशन | 01/ खोराडीह |
| सी0डब्लू0आर0 की संख्या | 06 नग |
| शिरापरि जलाशय की संख्या | 15 नग |
| कुल आबादी | 132511 |
| लक्षित हाउस कनेक्शन की संख्या | 20610 |
| क्षतिग्रस्त रोड की मात्रा कि0मी0 | 54 |
| योजना की लागत | रू0 165.67 करोड़ |

मा0 विधायक श्री रमाशंकर पटेल जी द्वारा तालर ग्राम समूह पेयजल योजना के वॉटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का निरीक्षण कर प्लान्ट के विभिन्न अवयवो/संरचनाओं एवं जल शोधन प्रकिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। महोदय द्वारा रॉ वाटर एवं ट्रीटेड वाटर का डब्लू0टी0पी0 अन्तर्गत निर्मित पेयजल प्रयोगशाला में जांच कर रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। महोदय द्वारा फ्लो डायाग्राम की जानकारी ली गयी। महोदय द्वारा जनता के समक्ष ट्रीटेड वाटर को पीकर, जल की शुद्धता एवं महत्वता के बारे मे जनता को जागरूक किया गया। महोदय द्वारा ग्रीष्म काल में निर्बाध जलापूर्ति किये जाने एवं विद्युत आपूर्ति बाधित

Scanned by CamScanner

होने की स्थिति में डी0जी0 का उपयोग कर जलापूर्ति किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा जनता को पेयजल का सदुपयोग करने एवं सिंचाई व अन्य कार्यो में पेयजल बर्बादी न किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा पेयजल प्लान्ट के निरीक्षणोपरान्त प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्य किया गया।



भवदीय

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1 मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
2 अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर।
3 अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned by CamScanner